Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to address the problem of contaminated water in Sambhal Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री सत्यपाल सिंह (सम्भल): मैं सरकार का ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय 'प्रदूषित पानी को पीने के लिए बाध्य होते लोगों' की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । सर्वविदित है कि जल ही जीवन है और जल का दूषित होना न केवल मानव जाति के लिए अपितु पशु-पक्षियों के लिए भी खतरे की घंटी है । कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें वाटर लेवल काफी नीचे है और जो पानी है वह भी दूषित है/जहरीला है क्योंकि दूषित जल के सेवन से कैंसर जैसे कई गंभीर रोग होते हैं । मेरे लोक सभा क्षेत्र संभल (उत्तर प्रदेश) में सिंहपुर साहनी आदि क्षेत्र में प्रदूषित जल (पीने योग्य नहीं) है । जिसके पीने से उस क्षेत्र में लगभग हर परिवार में एक या इससे अधिक लोग कैंसर जैसे खतरनाक रोग के शिकार हो गये हैं । मैंने इस विषय को पूर्व में भी सदन में रखा था और इस क्षेत्र के पानी की जांच भी हुई थी । जांच के उपरांत काफी क्षेत्र का पानी पीने योग्य नहीं पाया गया । ऐसे दूषित पानी को पीने के लिए प्रतिबंधित भी किया गया (मना किया गया), परंतु तब से अब तक पानी प्रदूषित क्यों हो रहा है और इसे शुद्ध पीने योग्य पानी में बदलने के लिए कोई भी आवश्यक कदम नहीं उठाया गया है जिस कारण क्षेत्र में निराशा है और लोगों में गंभीर रोगों का भय भी व्याप्त है ।

मैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, जल संसाधन व पेयजल मंत्री और भारत सरकार से निवेदन करता हूँ कि प्रदूषित जल को पीने योग्य जल बनाने व कैंसर मुक्त बेल्ट बनाने व अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित कर ऐसे क्षेत्रों में पीने योग्य पानी यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा करें जिससे कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आशा की नई किरण दिखे और लोगों में होने वाले गंभीर रोगों से मुक्ति भी मिले । मैं और क्षेत्रवासी सरकार के बहुत आभारी होंगे।